रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 191] | नई दिल्ली, सोमवार, मई 9, 2016/वैशाख 19, 1938 |
| No. 191] | NEW DELHI, MONDAY, MAY 9, 2016/ VAISAKHA 19 , 1938 |


**भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण**

**अधिसूचना**

हैदराबाद, 13 अप्रैल, 2016

## भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय की आस्तियाँ, देयताएँ, और ऋण शोधन क्षमता सीमा) विनियम, 2016

**फा. सं. भा.बी.वि.वि.प्रा./विनियम/9/121/2016.—***बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 64वी और 64वीए के साथ पठित धारा 114ए की उप-धारा (2) के खंड (वाई), (जेड), (जेडए) और (जेडएबी) तथा बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 (1999 का 41) की धारा 26 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकरण, बीमा सलाहकार समिति के साथ परामर्श करने के बाद, इसके द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-*

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:**

(1) ये विनियम भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय की आस्तियाँ, देयताएँ, और ऋण शोधन क्षमता सीमा) विनियम, 2016 के नाम से जाने जाएँगे ।

(2) ये विनियम 1 अप्रैल 2016 से प्रवृत्त होंगे तथा जीवन बीमा व्यवसाय करने वाले सभी बीमाकर्ताओं पर लागू होंगे।

**2. परिभाषाएँ.-**

(1) इन विनियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न होः

(क) "*अधिनियम*" से बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) अभिप्रेत है;

(ख) "*प्राधिकरण*" से बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 (1999 का 41) की धारा 3 की उप-धारा (1) के अधीन स्थापित भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(2) इन विनियमों में प्रयुक्त और अपरिभाषित, परंतु बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) अथवा बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 (1999 का 41) अथवा उन अधिनियमों के अधीन बनाये गये किसी भी नियम अथवा विनियम में परिभाषित सभी शब्दों और अभिव्यक्तियों के अर्थ वही होंगे जो उन अधिनियमों अथवा नियमों अथवा विनियमों में क्रमशः उनके लिए निर्धारित किये गये हैं।

**3. आस्तियों का मूल्यांकनः** प्रत्येक बीमाकर्ता जीवन बीमा व्यवसाय के संबंध में अनुसूची I के अनुसार आस्तियों के मूल्य का एक विवरण तैयार करेगा।

**4. देयताओँ की राशि का निर्धारणः** प्रत्येक बीमाकर्ता जीवन बीमा व्यवसाय के संबंध में अनुसूची II के अनुसार देयताओं की राशि का एक विवरण तैयार करेगा।

**5. ऋण शोधन क्षमता सीमा का निर्धारणः** प्रत्येक बीमाकर्ता जीवन बीमा व्यवसाय के संबंध में अनुसूची III के अनुसार ऋण शोधन क्षमता सीमा का एक विवरण तैयार करेगा।

**6. स्वास्थ्य बीमा व्यवसायः** जहाँ बीमाकर्ता स्वास्थ्य बीमा-रक्षा उपलब्ध कराते हुए स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय करता है, वहाँ देयताओं की राशि का निर्धारण इन विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा।

**7. भारत के बाहर व्यवसायः** जहाँ बीमाकर्ता भारत के बाहर किसी देश में जीवन बीमा व्यवसाय करता है, तथा मेजबान देश के विनियमनकर्ता को विवरण अथवा विवरणियाँ अथवा इस प्रकार का कोई ब्योरा प्रस्तुत करता है, इन्हें भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय के लिए बीमांकिक रिपोर्ट और सारांश) विनियम, 2016 के अनुसार विनिर्दिष्ट फार्मों के साथ संलग्न करेगा।

**बशर्ते कि** यदि नियुक्त बीमांकक की राय है कि भारत के बाहर जहाँ बीमाकर्ता व्यवसाय करता है, देयता और शोधन क्षमता मानदंड भारत में विद्यमान देयता और शोधन क्षमता मानदंडों की तुलना में निम्नतर देयता और/या शोधन क्षमता आवश्यकता में परिणत होते हैं, तो ऐसा व्यक्ति बीमाकर्ता से यह अपेक्षा करेगा कि वह भारत के बाहर किसी देश के मेजबान विनियमनकर्ता को प्रस्तुत विवरणों अथवा विवरणियों अथवा किसी ऐसे ब्योरे में दर्शाई गई आरक्षित निधियों से अधिक अतिरिक्त आरक्षित निधियों को अलग रखे ताकि भारत में विद्यमान देयता और ऋण शोधन क्षमता सीमा मानदंडों का पालन किया जा सके।

**8. फार्म प्रस्तुत करनाः** इन विनियमों तथा भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय के लिए बीमांकिक रिपोर्ट और सारांश) विनियम, 2016 के अनुसार विनिर्दिष्ट फार्म बीमाकर्ता द्वारा भारत के अंदर किये गये जीवन बीमा व्यवसाय और कुल व्यवसाय के लिए अलग-अलग प्रस्तुत किये जाएँगे।

**9. नियुक्त बीमांकक की प्राधिकरण में निजी मुलाकातः** प्राधिकरण, यदि आवशयक और उचित समझा जाए, तो नियुक्त बीमांकक से कह सकता है कि वह प्राधिकरण के कार्यालय में निजी तौर पर आकर मुलाकात करे, जिससे ऐसे व्यक्ति से और जानकारी प्राप्त की जा सके।

**10. निरसन और बचत**

(1) इन विनियमों के प्रारंभ होने की तारीख को और उस तारीख से, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमाकर्ताओं की आस्तियाँ, देयताएँ और ऋण शोधन क्षमता सीमा) विनियम, 2000 अधिक्रमित होंगे।

(2) तथापि, इन विनियमों के प्रारंभ होने से पहले की गई अथवा किये जाने के लिए छोड़ी गई किसी बात के संबंध में बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमाकर्ताओं की आस्तियाँ, देयताएँ और ऋण शोधन क्षमता सीमा) विनियम, 2000 द्वारा उनका नियंत्रित होना जारी रहेगा।

**11. स्पष्टीकरण आदि जारी करने के लिए प्राधिकरण की शक्ति**

इन विनियमों के किसी भी उपबंध को लागू करने अथवा उसका अर्थनिर्णय करने में उत्पन्न होने वाली किसी भी शंका अथवा कठिनाई को दूर करने के लिए प्राधिकरण का अध्यक्ष आवश्यक समझे गये रूप में उपयुक्त स्पष्टीकरण अथवा दिशानिर्देश जारी कर सकता है।

**अनुसूची I**

**आस्तियों का मूल्यांकन**

*(विनियम 3 देखें)*

1. निम्नलिखित आस्तियाँ शून्य मूल्य के साथ रखी जाएँगी,

   (1) भारत में एजेंटों और मध्यवर्तिय़ों की शेष राशियाँ और बकाया प्रीमियम, जहाँ तक उनकी वसूली 30 दिन की अवधि के अंदर नहीं की गई हो;

   (2) भारत के बाहर एजेंटों और मध्यवर्तियों की शेष राशियाँ और बकाया प्रीमियम, जहाँ तक वे वसूलीयोग्य नहीं हैं;

   (3) विविध ऋण, जहाँ तक वे वसूली योग्य नहीं हैं;

   (4) अग्रिम और प्राप्य राशियाँ जो अप्राप्य स्वरूप की हैं;

   (5) फ़र्नीचर, जुड़नार, जड़ वस्तु स्टॉक और लेखन-सामग्री;

   (6) आस्थगित व्यय;

   (7) लाभ-हानि विनियोग खाता शेष का नामे शेष तथा पूर्वदत्त व्ययों को छोड़कर अन्य कोई काल्पनिक आस्तियाँ;

   (8) नब्बे दिन से अधिक बकाया पुनर्बीमाकर्ता की शेष राशियाँ;

   (9) पट्टाधृत सुधार;

   (10) नब्बे दिन से अधिक अवधि के लिए बकाया सेवा कर संबंधी अप्रयुक्त जमा;

   (11) कोई अन्य आस्तियाँ, जो बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीं के अधीन अस्वीकार्य़ मानी गई हैं।

2. बीमाकर्ता की सभी अन्य आस्तियों का मूल्यांकन बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट की तैयारी, अन्य प्रकार की पूँजी और निवेश के संबंध में प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये समय-समय पर यथाप्रयोज्य विनियमों और अन्य अनुदेशों के अनुसार किया जाएगा।

3. **आस्तियों का विवरणः** प्रत्येक बीमाकर्ता भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय के लिए बीमांकिक रिपोर्ट और सारांश) विनियम, 2016 के फार्म आस्तियाँ एए में आस्तियों का विवरण तैयार करेगा।

## अनुसूची II

## देयताओं का मूल्यांकन – जीवन बीमा

*(विनियम 4 देखें)*

**1. व्याख्याः** इस अनुसूची में,

(1) बीमांकिक अन्वेषण के संबंध में "मूल्यांकन दिनांक" से वह दिनांक अभिप्रेत है जिससे उक्त अन्वेषण संबंधित है।

(2) "पॉलिसी खाते" से वे निधियाँ अभिप्रेत हैं जो परिवर्ती संबद्ध व्यवसाय और परिवर्ती असंबद्ध व्यवसाय के लिए निश्चित हैं।

**2. गणितीय आरक्षित निधियों के निर्धारण की पद्धतिः**

(1) गणितीय आरक्षित निधियों का निर्धारण प्रत्येक संविदा के लिए उप-पैरा (2) से (4) तक के अनुसार मूल्यांकन की प्रत्याशित पद्धति द्वारा किया जाएगा।

(2) मूल्यांकन पद्धति में सभी भावी आकस्मिक व्ययों को ध्यान में रखा जाएगा जिनके अंतर्गत पॉलिसी की शर्तों के द्वारा निर्धारित रूप में कोई भी प्रीमियम (पॉलिसीधारक द्वारा) और लाभ (पॉलिसीधारक/लाभार्थी को) पॉलिसी के अंतर्गत देय होंगे। लाभों के स्तर के अंतर्गत पॉलिसीधारकों की उचित प्रत्याशाओं (अंतिम बोनसों, यदि कोई हों, सहित बोनसों के संबंध में) और लाभों के भुगतान के लिए बीमाकर्ता की स्थापित प्रथाओं को ध्यान में रखा जाएगा।

(3) मूल्यांकन पद्धति में संविदा की शर्तों के अंतर्गत पॉलिसीधारक के लिए उपलब्ध होने वाले विकल्पों और गारंटियों की लागत को हिसाब में लिया जाएगा।

(4) प्रत्येक पॉलिसी के अंतर्गत देयता की राशि का निर्धारण सभी संबंधित मानदंडों की विवेकपूर्ण धारणाओं पर आधारित होगा। प्रत्येक मानदंड का मूल्य बीमाकर्ता के प्रत्याशित अनुभव पर आधारित होगा तथा इसमें प्रतिकूल विचलनों के लिए उचित मार्जिन (इसमें इसके बाद एमएडी के रूप में उल्लिखित) शामिल किया जाएगा जो गणितीय आरक्षित निधियों की राशि में वृद्धि के रूप में परिणत हो सकेगा।

(5) (क) पॉलिसी के संबंध में उप-पैरा (4) के अनुसार निर्धारित गणितीय आरक्षित निधि की राशि मूल्यांकन दिनांक को ऋणात्मक ("ऋणात्मक आरक्षित निधियाँ" के रूप में अभिहित) अथवा उपलब्ध अभ्यर्पण मूल्य से कम ("अभ्यर्पण मूल्य न्यूनता आरक्षित निधियाँ" के रूप में अभिहित) हो सकती है।

**स्पष्टीकरणः** इस प्रयोजन के लिए अभ्यर्पण मूल्य वह होगा जो विशेष अभ्यर्पण मूल्य और गारंटीकृत अभ्यर्पण मूल्य में जो भी उच्चतर होगा।

(ख) नियुक्त बीमांकक, अधिनियम की धारा 35 के प्रयोजन के लिए किसी आशोधन के बिना ऐसी गणितीय आरक्षित निधियों की राशि का उपयोग करेगा।

(ग) नियुक्त बीमांकक अधिनियम की धारा 13, 49, 64वी और 64वीए के प्रयोजन के लिए इस प्रकार की गणितीय आरक्षित निधि को ऐसी ऋणात्मक आरक्षित निधि के मामले में शून्य तक, अथवा ऐसी अभ्यर्पण मूल्य न्यूनता आरक्षित निधियों के मामले में अभ्यर्पण मूल्य तक, जैसी स्थिति हो, निश्चित करेगा।

(6) निम्नलिखित स्थितियों को छोड़कर मूल्यांकन पद्धति "सकल प्रीमियम मूल्यांकन" होगीः

(**क**) सामूहिक व्यवसाय के साथ संबद्ध अनुवृद्धियों (राइडर्स) सहित, एक वर्षीय नवीकरण-योग्य सामूहिक सावधि बीमा जिसमें आरक्षित निधियों के अंतर्गत अनर्जित प्रीमियम, प्रीमियम कमी और `उपगत परंतु सूचित नहीं किये गये' दावों की अनुमति दी जाएगी।

(**ख**) वैयक्तिक उत्पादों के साथ संबद्ध अनुवृद्धियाँ (राइडर्स) जिनमें आरक्षित निधि वह होगी जो `सकल प्रीमियम मूल्यांकन आरक्षित निधि' और `अनर्जित प्रीमियम आरक्षित निधि' में जो भी उच्चतर होगी।

(7) वैयक्तिक व्यवसाय के लिए, नियुक्त बीमांकक उपगत परंतु सूचित नहीं किये गये दावों के संबंध में अतिरिक्त आरक्षित निधि को रोक सकता है।

(8) यदि नियुक्त बीमांकक की राय में मूल्यांकन की सकल प्रीमियम पद्धति को छोड़कर मूल्यांकन की किसी अन्य पद्धति को अपनाना होगा, तब अन्य सन्निकटन (अप्रॉक्सिमेशन) पद्धतियों (उदा. पूर्वव्यापी पद्धति) का उपयोग किया जा सकता है।

**बशर्ते कि** परिकलित आरक्षित निधि की राशि के संबंध में यह प्रत्याशित है कि वह कम से कम उस राशि के समान होगी जो सकल प्रीमियम पद्धति लागू करते हुए उत्पन्न की जाएगी।

(9) मूल्यांकन मानदंडों के लिए देयताओं और पूर्वानुमानों की राशि के परिकलन की पद्धति एक वर्ष से अगले वर्ष तक अनुमानित समापन के अधीन नहीं होगी।

**3. पॉलिसी नकदी प्रवाहः** मूल्यांकन की सकल प्रीमियम पद्धति निम्नलिखित भावी पॉलिसी नकदी प्रवाहों को उपयुक्त ब्याज-दर पर घटायेगी,

(1) देय प्रीमियम, यदि कोई हों, मृत्यु पर देय लाभ, यदि कोई हों, उत्तरजीविता पर देय लाभ, यदि कोई हों, संविदा की स्वैच्छिक समाप्ति पर देय लाभ, यदि कोई हों, तथा निम्नलिखित, यदि कोई हों :-

(क) मूलभूत लाभ,

(ख) अनुवृद्धि लाभ,

(ग) मूल्यांकन दिनांक पर निहित हो चुके बोनस,

(घ) मूल्यांकन दिनांक पर मूल्यांकन के परिणामस्वरूप बोनस, तथा

(ङ) अंतिम बोनसों (मूल्यांकन की ब्याज-दर के साथ सुसंगत रूप में) सहित भावी बोनस (मूल्यांकन दिनांक से एक वर्ष के बाद);

(2) पॉलिसी के संबंध में कमीशन और पारिश्रमिक, यदि कोई देय हो (यह बीमाकर्ता की वर्तमान प्रथा पर आधारित होगा)। अनाथ पॉलिसियों के संबंध में कमीशन का भुगतान न करने के लिए कोई छूट नहीं दी जाएगी।

(3) पॉलिसी के संबंध में पॉलिसी अनुरक्षण व्यय, यदि कोई हों, जैसी कि पैरा 5 के उप-पैरा (4) में व्यवस्था की गई है;

(4) शेयरधारकों को लाभ का आबंटन, यदि कोई हो, जहाँ शेयरधारकों को देने योग्य लाभों और पॉलिसीधारकों के लिए घोषित बोनस दरों के बीच कोई विनिर्दिष्ट संबंध हो।

**बशर्ते कि** कर, यदि कोई हो, के लिए व्यवस्था अवश्य की जानी चाहिए।

**4. पॉलिसी विकल्प और गारंटियाँ :** जहाँ पॉलिसी में अंतर्निहित विकल्पों की व्यवस्था हो जिनका प्रयोग पॉलिसीधारक द्वारा किया जा सकता है, जैसे अच्छे स्वास्थ्य के किसी सबूत के बिना भावी दिनांक (दिनांकों) पर बीमा-रक्षा का परिवर्तन या परिवर्धन, अथवा गारंटियाँ, जैसे संविदा की परिपक्वता पर वार्षिकी दर गारंटियाँ, निवेश गारंटियाँ आदि, वहाँ ऐसे विकल्पों अथवा गारंटियों की लागतों का अनुमान किया जाएगा और उन्हें गणितीय आरक्षित निधियों का परिकलन करने में विशेष नकदी प्रवाहों के रूप में माना जाएगा।

**5. मूल्यांकन मानदंडः**

(1) मूल्यांकन मानदंडों के अंतर्गत वे आधार होंगे जिन पर भावी पॉलिसी नकदी प्रवाहों की संगणना की जाएगी और उन्हें घटाया जाएगा। प्रत्येक मानदंड को व्यवसाय के उस खंड के लिए उपयुक्त होना चाहिए जिसका मूल्यांकन किया जाएगा। नियुक्त बीमांकक निम्नलिखित पर विचार करेगा,

(क) मानदंड का/के मूल्य बीमाकर्ता के अनुभव पर आधारित होगा/होंगे जहाँ उपलब्ध हों। यदि विश्वसनीय अनुभव का अध्ययन उपलब्ध नहीं है, तो उक्त मूल्य उद्योग के अध्ययन पर आधारित हो सकता है/ हो सकते हैं, यदि उपलब्ध और उपयुक्त हो/हों। यदि इनमें से कोई भी उपलब्ध नहीं है, तो उक्त मूल्य उत्पाद के कीमत-निर्धारण के लिए प्रयुक्त आधारों पर निर्भर हो सकते हैं। किसी भी मानदंड के प्रत्याशित स्तर को स्थापित करने में अनुभव में किसी संभावित ह्रास को ध्यान में रखा जाएगा।

(ख) इस उप-पैरा के खंड (क) में निर्धारित रूप में प्रत्याशित स्तर का समायोजन प्रतिकूल विचलनों के लिए उपयुक्त मार्जिन (एमएडी) द्वारा किया जाएगा जहाँ एमएडी का स्तर प्रत्याशित स्तर में विश्वास की मात्रा पर आधारित होगा, तथा प्रत्येक मानदंड में ऐसा एमएडी प्राधिकरण की सहमति के साथ भारतीय बीमांकक संस्थान द्वारा जारी किये गये बीमांकिक व्यवहार मानकों/मार्गदर्शी नोटों पर आधारित होगा।

(ग) विभिन्न मूल्यांकन मानदंडों के लिए प्रयुक्त मूल्यों को आपस में सुसंगत होना चाहिए।

(2) **मृत्यु दरें** जो प्रयुक्त होंगी, वे किसी प्रकाशित सारणी के संदर्भ से होंगी, जब तक कि बीमाकर्ता ने अपने स्वयं के अनुभव के आधार पर एक अलग सारणी का निर्माण नहीं किया होः

बशर्ते कि ऐसी प्रकाशित सारणी प्राधिकरण की सहमति के साथ भारतीय बीमांकक संस्थान द्वारा बीमा उद्योग को उपलब्ध कराई जाएगी।

आगे यह भी शर्त होगी कि ऐसी प्रकाशित सारणी के संदर्भ से निर्धारित दरें उस प्रकाशित सारणी के एक सौ प्रतिशत से कम नहीं होंगी।

आगे यह भी शर्त होगी कि प्रकाशित सारणी के संदर्भ से निर्धारित ऐसी दरें उस प्रकाशित सारणी के एक सौ प्रतिशत से कम हो सकती हैं, यदि नियुक्त बीमांकक एक निम्नतर प्रतिशत का औचित्य सिद्ध करता हो।

(3) **अस्वस्थता दरें** जो प्रयुक्त की जाएँगी, एक प्रकाशित सारणी के संदर्भ के द्वारा होंगी, जब तक बीमाकर्ता ने अपने स्वयं के अनुभव के आधार पर एक अलग सारणी का निर्माण नहीं किया होः

बशर्ते कि ऐसी प्रकाशित सारणी प्राधिकरण की सहमति के साथ भारतीय बीमांकक संस्थान द्वारा बीमा उद्योग को उपलब्ध कराई जाएगी।

आगे यह भी शर्त होगी कि एक प्रकाशित सारणी के संदर्भ द्वारा निर्धारित ऐसी दरें उस प्रकाशित सारणी के एक सौ प्रतिशत से कम नहीं होंगी।

आगे यह भी शर्त होगी कि प्रकाशित सारणी के संदर्भ से निर्धारित ऐसी दरें उस प्रकाशित सारणी के एक सौ प्रतिशत से कम हो सकती हैं, यदि नियुक्त बीमांकक एक निम्नतर प्रतिशत का औचित्य सिद्ध करता हो।

(4) **पॉलिसी अनुरक्षण व्यय** बीमाकर्ता के वास्तविक व्यय अनुभव से संबंधित होंगे। सभी व्यय मुद्रास्फीति के लिए भावी वर्षों में बढ़ाई जाएँगी; मुद्रास्फीति की अनुमानित दर मूल्यांकन ब्याज-दर के साथ सुसंगत होनी चाहिए।

**बशर्ते कि** उपयुक्त अतिरिक्त प्रावधान किये जाने चाहिए यदि मूल्यांकन के लिए वास्तविक अनुभव पर विचार नहीं किया गया हो।

**आगे यह भी शर्त होगी कि** उपर्युक्त उपबंध जीवन बीमा कंपनियों पर व्यवसाय प्रारंभ करने की तारीख से पहले पाँच वर्ष के लिए लागू नहीं होंगे।

(5) **मूल्यांकन ब्याज-दर,** जो नियुक्त बीमांकक द्वारा प्रयुक्त की जाएगी –

(क) पैरा 3 में उल्लिखित पॉलिसी नकदी प्रवाहों के वर्तमान मूल्य के परिकलन के लिए, वर्तमान आस्तियों से आय जो जीवन बीमा व्यवसाय के खंडों के कारण है, तथा भविष्य में निवेश की जाने वाली राशियों से प्राप्त करने के लिए जो आय बीमाकर्ता से प्रत्याशित है, के विवेकपूर्ण निर्धारण से तय की गई ब्याज-दरों से उच्चतर नहीं होगी, एवं ऐसे निर्धारण में निम्नलिखित को हिसाब में लिया जाएगा-

(i) देयताओं का समर्थन करने वाली आस्तियों की संरचना, संप्रति किये जा रहे (ऑन हैंड) निवेशों से प्रत्याशित नकदी प्रवाह, मूल्यांकन की जाने वाली पॉलिसियों के खंड से नकदी प्रवाह, संभावित भावी निवेश परिस्थितियाँ तथा भावी निवल नकदी प्रवाहों का व्यवहार करने में अपनाई जाने वाली पुनर्निवेश और विनिवेश की कार्यनीति;

(ii) ऐसे निवेश अथवा मूलधन की वापसी पर आय की प्राप्ति के संबंध में निवेश के साथ संबद्ध जोखिम;

(iii) बीमाकर्ता के निवेश कार्यों के साथ संबद्ध व्यय;

(ख) संविदाओं की विशिष्ट श्रेणी के संबंध में पॉलिसी नकदी प्रवाहों के वर्तमान मूल्य के परिकलन के लिए, ऐसी श्रेणी की संविदाओं के प्रयोजन के लिए अनुरक्षित आस्तियों पर आय से उच्चतर नहीं होगी;

(ग) लाभ-रहित (नॉन-पार्टिसिपेटिंग) व्यवसाय के संबंध में भावी ब्याज-दरों में गिरावट के जोखिम की पहचान करेगी;

(घ) सहभागी (पार्टिसिपेटिंग) व्यवसाय के संबंध में, पूर्वानुमान के आधार पर होगी (भावी निवेश परिस्थितियों के संदर्भ में), कि मूल्यांकन में प्रयुक्त भावी बोनसों का मान मूल्यांकन ब्याज-दर के साथ सुसंगत होगा।

(6) **व्यपगम दर,** यदि मूल्यांकन के लिए इस पर विचार किया जाता है, तो उत्पाद अथवा इसी प्रकार के उत्पादों के विगत अनुभव के आधार पर विवेकपूर्ण धारणा होनी चाहिए; तथा यह उत्पादों के स्वरूप, लक्ष्यित बाजार, वितरण माध्यम आदि के आधार पर प्रत्याशित भावी अनुभव के संदर्भ में होगी।

(7) **अन्य मानदंड** पॉलिसी के प्रकार के आधार पर ध्यान में रखे जा सकते हैं। ऐसे मानदंडों के मूल्यों को स्थापित करने में इस अनुसूची में निर्धारित विचारों को ध्यान में रखा जाएगा।

(8) प्राधिकरण के पूर्व अनुमोदन के बिना बीमाकर्ताओं/ पुनर्बीमाकर्ताओं से किसी भी प्रकार से जमाराशि अथवा ऋण के रूप में उधार के तत्व के साथ पुनर्बीमा व्यवस्था को अपेक्षित ऋण शोधन क्षमता सीमा के निर्धारण के प्रयोजन के लिए पुनर्बीमा हेतु ऋण के रूप में नहीं माना जाएगा।

(9) यदि गणितीय आरक्षित निधि का परिकलन पुनर्बीमा प्रीमियम के संबंध में व्यय तथा पुनर्बीमाकर्ता से दावा वसूलियों के लिए लिये गये ऋण के लिए व्यवस्था करते हुए किया जाता है, तो मूल्यांकन का आधार और पद्धतियाँ इस अनुसूची के अनुसार होंगी।

**6. पुनर्बीमा के लिए प्रयोज्यताः**

(1) यह अनुसूची पुनर्बीमाकर्ताओं की बहियों में व्यवसाय के मूल्यांकन के लिए भी लागू होगी।

(2) बीमाकर्ताओं द्वारा अध्यर्पित व्यवसाय के संबंध में यह अनुसूची बीमाकर्ता द्वारा धारित जोखिम पर निवल राशियों के लिए लागू होगी।

**7. यूनिट सहबद्ध व्यवसाय के लिए अतिरिक्त अपेक्षाएँ :**

(1) यूनिट सहबद्ध व्यवसाय के संबंध में आरक्षित निधियों में दो घटक होंगे, अर्थात् यूनिट आरक्षित निधियाँ और सामान्य (गैर-यूनिट) निधि आरक्षित निधियाँ।

(2) यूनिट आरक्षित निधियों का परिकलन मूल्यांकन दिनांक पर प्रचलित पॉलिसियों को आबंटित यूनिटों के संबंध में मूल्यांकन दिनांक पर यूनिट मूल्यों का प्रयोग करते हुए किया जाएगा, यदि लागू हो।

(3) सामान्य (गैर-यूनिट) निधि आरक्षित निधियों का निर्धारण घटाई गई नकदी प्रवाह पद्धति का प्रयोग करते हुए किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित को ध्यान में रखा जाएगा, अर्थात् :-

(क) भविष्य में देय प्रीमियम, यदि कोई हों;

(ख) सामान्य (गैर-यूनिट) निधि रिज़र्व द्वारा प्रावधानीकृत, मृत्यु पर देय लाभ, यदि कोई हों (यूनिटों के मूल्य से अधिक);

(ग) सामान्य (गैर-यूनिट) निधि में अदा किये गये प्रबंधन प्रभार;

(घ) अभ्यर्पण मूल्यों अथवा न्यूनतम मृत्यु पर देय अथवा परिपक्वता लाभों से संबंधित गारंटियाँ, यदि कोई हों;

(ङ) निधि वृद्धि दरें और प्रबंधन प्रभार। (अन्य मानदंडों के साथ इन मानदंडों के मूल्यों का निर्धारण पैरा 5 के अनुसार किया जाएगा);

(च) गैर-ऋणात्मक अवशिष्ट परिवर्धन, यदि कोई हों;

(छ) किसी भावी ऋणात्मक नकदी प्रवाह के लिए उपयुक्त रूप में आरक्षित निधियों को स्थापित करते हुए प्रावधान किया जाएगा; तथा ऋणात्मक निधि, यदि कोई हो तो, उसे शून्य तक निश्चित किया जाएगा।

**स्पष्टीकरणः** यूनिट सहबद्ध पॉलिसियों के अंतर्गत सामान्य (गैर-यूनिट) निधि रिज़र्व को निवेश मानदंडों, अधिशेष के वितरण, आदि के प्रयोजन के लिए असंबद्ध लाभरहित (नॉन-पार्टिसिपेटिंग) व्यवसाय के लिए आरक्षित निधि के रूप में माना जाएगा।

**8. परिवर्ती संबद्ध व्यवसाय के लिए अतिरिक्त अपेक्षाएँ :**

(1) परिवर्ती संबद्ध व्यवसाय के संबंध में आरक्षित निधि में दो घटक होंगे, अर्थात् पॉलिसी खाता आरक्षित निधियाँ और सामान्य निधि रिज़र्व।

(2) पॉलिसी खाता आरक्षित निधियाँ मूल्यांकन के दिनांक को पॉलिसी खाते में शेष राशि होंगी।

(3) सामान्य निधि रिज़र्वों का निर्धारण घटाई गई नकदी प्रवाह पद्धति का प्रयोग करते हुए किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित को ध्यान में रखा जाएगा, अर्थात् :-

(क) भविष्य में देय प्रीमियम, यदि कोई हों; ;;

(ख) सामान्य निधि द्वारा प्रावधानीकृत, मृत्यु पर देय लाभ, यदि कोई हों (पॉलिसी खाते के मूल्य से अधिक);

(ग) सामान्य निधि में अदा किये गये प्रबंधन प्रभार;

(घ) अभ्यर्पण मूल्यों अथवा न्यूनतम मृत्यु पर देय और परिपक्वता लाभों से संबंधित गारंटियाँ, यदि कोई हों;

(ङ) पॉलिसी खाता वृद्धि दरें और प्रबंधन प्रभार। (अन्य मानदंडों के साथ इन मानदंडों के मूल्यों का निर्धारण पैरा 5 के अनुसार किया जाएगा);

(च) गैर-ऋणात्मक अवशिष्ट परिवर्धन, यदि कोई हों;

(छ) किसी भावी ऋणात्मक नकदी प्रवाह के लिए उपयुक्त रूप में आरक्षित निधियों को स्थापित करते हुए प्रावधान किया जाएगा; तथा ऋणात्मक निधि, यदि कोई हो तो, उसे शून्य तक निश्चित किया जाएगा।

**स्पष्टीकरणः** परिवर्ती सहबद्ध व्यवसाय के अंतर्गत सामान्य निधि रिज़र्व को निवेश मानदंडों, अधिशेष के वितरण, आदि के प्रयोजन के लिए असंबद्ध लाभरहित (नॉन-पार्टिसिपेटिंग) व्यवसाय के लिए आरक्षित निधि के रूप में माना जाएगा।

**9. परिवर्ती असंबद्ध व्यवसाय (सममूल्य और गैर-सममूल्य) के लिए अतिरिक्त अपेक्षाएँ :**

(1) परिवर्ती असंबद्ध व्यवसाय के संबंध में आरक्षित निधि के दो घटक होंगे, अर्थात् पॉलसी निधि रिज़र्व और सामान्य निधि रिज़र्व।

(2) पॉलिसी खाता आरक्षित निधियाँ मूल्यांकन के दिनांक को पॉलिसी खाते में शेष राशि होंगी।

(3) सामान्य निधि रिज़र्वों का निर्धारण घटाई गई नकदी प्रवाह पद्धति का प्रयोग करते हुए किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित को ध्यान में रखा जाएगा, अर्थात् :-

(क) भविष्य में देय प्रीमियम, यदि कोई हों;

(ख) सामान्य निधि द्वारा प्रावधानीकृत, मृत्यु पर देय लाभ, यदि कोई हों (पॉलिसी खाते के मूल्य से अधिक);

(ग) सामान्य निधि में अदा किये गये प्रबंधन प्रभार;

(घ) अभ्यर्पण मूल्यों अथवा न्यूनतम मृत्यु पर देय और परिपक्वता लाभों से संबंधित गारंटियाँ, यदि कोई हों;

(ङ) पॉलिसी खाता वृद्धि दरें और प्रबंधन प्रभार। (अन्य मानदंडों के साथ इन मानदंडों के मूल्यों का निर्धारण पैरा 5 के अनुसार किया जाएगा);

(च) गैर-ऋणात्मक अवशिष्ट परिवर्धन, यदि कोई हों;

(छ) किसी भावी ऋणात्मक नकदी प्रवाह के लिए उपयुक्त रूप में आरक्षित निधियों को स्थापित करते हुए प्रावधान किया जाएगा; तथा ऋणात्मक निधि, यदि कोई हो तो, उसे शून्य तक निश्चित किया जाएगा।

(ज) भावी बोनस (मूल्यांकन दिनांक के बाद एक वर्ष) अंतिम बोनसों सहित (मूल्यांकन ब्याज-दर के साथ सुसंगत रूप में)

(झ) कर, यदि कोई हो, तो उसके लिए अवश्य ध्यान रखा जाना चाहिए।

(ञ) शेयरधारकों को लाभ का आबंटन, यदि कोई हो, जहाँ शेयरधारकों को देय लाभों और पॉलिसीधारकों के लिए घोषित बोनस दरों के बीच कोई विनिर्दिष्ट संबंध हो।

**स्पष्टीकरणः** परिवर्ती असंबद्ध लाभरहित (नॉन-पार्टिसिपोटिंग) व्यवसाय के अंतर्गत सामान्य निधि रिज़र्वों को निवेश मानदंडों, अधिशेष के वितरण, आदि के प्रयोजन के लिए असंबद्ध लाभरहित (नॉन-पार्टिसिपेटिंग) व्यवसाय के लिए आरक्षित निधि के रूप में माना जाएगा।

**इसके अतिरिक्त,** परिवर्ती असंबद्ध सहभागी व्यवसाय के अंतर्गत सामान्य निधि रिज़र्वों को निवेश मानदंडों, अधिशेष के वितरण आदि के प्रयोजन के लिए असंबद्ध सहभागी व्यवसाय के लिए आरक्षित निधि के रूप में माना जाएगा।

**10. प्रावधानों के लिए अतिरिक्त अपेक्षाएँ :** नियुक्त बीमांकक निम्नलिखित के संबंध में समग्र प्रावधान करेगा, जहाँ गणितीय आरक्षित निधियों के निर्धारण में प्रत्येक पॉलिसी के लिए गणितीय आरक्षित निधियों का परिकलन करना संभव नहीं होः-

(1) पॉलिसियाँ जिनके संबंध में अवमानक जीवनों के जोखिम-अंकन के कारण अतिरिक्त प्रीमियम प्रभारित किये गये हैं, जो व्यवसाय संकट, अधिक वजन, कम वजन, धूम्रपान वृत्त, स्वास्थ्य, जलवायु-संबंधी अथवा भौगोलिक परिस्थितियों जैसे अतिरिक्त जोखिमों के अधीन हैं;

(2) व्यपगत पॉलिसियाँ जो मूल्यांकन में शामिल नहीं की गई हैं, परंतु जिनके अंतर्गत एक देयता विद्यमान है अथवा उत्पन्न हो सकती है;

(3) वैयक्तिक और सामूहिक बीमा पॉलिसियों के अंतर्गत उपलब्ध विकल्प;

(4) वैयक्तिक और सामूहिक बीमा पॉलिसियों के लिए उपलब्ध गारंटियाँ;

(5) विनिमय की दरें जिनपर विदेशी मुद्राओं में जारी की गई पॉलिसियों के संबंध में लाभों को भारतीय रुपयों में परिवर्तित किया गया है तथा विनिमय दरों में भावी परवर्तनों से उत्पन्न होने वाली गणितीय आरक्षित निधियों की संभावित वृद्धि के लिए क्या प्रावधान किया गया है;

(6) अन्य, यदि कोई हो।

**11. देयताओं का विवरणः** बीमाकर्ता भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय के लिए बीमांकिक रिपोर्ट और सारांश) विनियम, 2016 के अनुसार देयताओं का एक विवरण प्रस्तुत करेगा।

## अनुसूची III

## शोधन क्षमता मार्जिनों का निर्धारण – जीवन बीमा व्यवसाय

*(विनियम 5 देखें)*

**1. व्याख्याः** इस अनुसूची में,

(1) "उपलब्ध ऋण शोधन क्षमता सीमा" से जीवन बीमा देयताओं (भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय के लिए बीमांकिक रिपोर्टें और सारांश) विनियम, 2016 के फार्म-एच में प्रस्तुत किये गये रूप में) तथा पॉलिसीधारकों की निधि और शेयरधारकों की निधियों की अन्य देयताओं के मूल्य की तुलना में आस्तियों के मूल्य (भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय के लिए बीमांकिक रिपोर्ट और सारांश) विनियम, 2016 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट फार्म-एए में प्रस्तुत किये गये रूप में) का आधिक्य अभिप्रेत है;

(2) "शोधन क्षमता अनुपात" से भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय के लिए बीमांकिक रिपोर्ट और सारांश) विनियम, 2016 के फार्म-केटी-3 में विनिर्दिष्ट रूप में अपेक्षित ऋण शोधन क्षमता सीमा की राशि की तुलना में उपलब्ध ऋण शोधन क्षमता सीमा की राशि का अनुपात अभिप्रेत है।

2. प्रत्येक बीमाकर्ता हर समय उपलब्ध ऋण शोधन क्षमता सीमा एक ऐसे स्तर पर बनाये रखेगा जो अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत बताये गये रूप में न्यूनतम पूँजी की राशि के पचास प्रतिशत एवं अपेक्षित ऋण शोधन क्षमता सीमा के एक सौ प्रतिशत में से जो भी उच्चतर होगा उससे कम नहीं होगा

तथा ऐसा न करने पर प्राधिकरण अधिनियम की धारा 64वीए की उप-धारा (2) के अनुसार कार्रवाई करेगा।

3. "शोधन क्षमता का नियंत्रण स्तर" से अधिनियम की धारा 64वीए की उप-धारा (3) के अनुसार प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट ऋण शोधन क्षमता सीमा का स्तर अभिप्रेत होगा जिसका उल्लंघन करने पर प्राधिकरण उपयुक्त समझे जाने वाले किन्हीं अन्य उपचारात्मक उपाय करने पर प्रतिकूल प्रभाव के बिना अधिनियम की धारा 64वीए की उप-धारा (4) के अनुसार कार्रवाई करेगा। शोधन क्षमता का नियंत्रण स्तर इसके द्वारा 150% के शोधन क्षमता अनुपात के रूप में विनिर्दिष्ट किया जाता है।

4. **अपेक्षित ऋण शोधन क्षमता सीमा का निर्धारणः** प्रत्येक बीमाकर्ता भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय के लिए बीमांकिक रिपोर्ट और सारांश) विनियम, 2016 के अनुसार अपेक्षित ऋण शोधन क्षमता सीमा, उपलब्ध ऋण शोधन क्षमता सीमा और शोधन क्षमता अनुपात निर्धारित करेगा।

टी. एस. विजयन, अध्यक्ष

[विज्ञापन III/4/असा./71(161)]

**INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA**

**NOTIFICATION**

Hyderabad, the 13th April, 2016

**Insurance Regulatory and Development Authority of India (Assets, Liabilities, and Solvency Margin of Life Insurance Business) Regulations, 2016**

**F. No. IRDAI/Reg/9/121/2016.—***In exercise of the powers conferred by clauses (y), (z), (za) and (zab) of sub-section (2) of section 114A read with Sections 64V and 64VA of the Insurance Act, 1938, (4 of 1938) and section 26 of the Insurance Regulatory and Development Authority Act, 1999 (41 of 1999), the Authority, in consultation with the Insurance Advisory Committee, hereby makes the following regulations, namely:-*

**1. Short title and commencement:**

(1) These regulations may be called the Insurance Regulatory and Development Authority of India (Assets, Liabilities, and Solvency Margin of Life Insurance Business) Regulations, 2016.

(2) These Regulations shall come into effect from 1st April 2016 and shall apply to all Insurers carrying on Life Insurance Business.

**2. Definitions:**

(1) In these regulations, unless the context otherwise requires:

(a) "*Act*" means the Insurance Act, 1938 (4 of 1938);

(b) "*Authority*" means the Insurance Regulatory and Development Authority of India established under sub-section (1) of section 3 of the Insurance Regulatory and Development Authority Act, 1999 (41 of 1999);

(2) All words and expressions used herein and not defined but defined in the Insurance Act, 1938 (4 of 1938), or in the Insurance Regulatory and Development Authority Act, 1999 (41 of 1999), or in any Rules or Regulations made there under, shall have the meanings respectively assigned to them in those Acts or Rules or Regulations.

**3. Valuation of Assets**: Every insurer shall prepare a statement of the value of assets in accordance with Schedule I in respect of life insurance business.

**4. Determination of Amount of Liabilities:** Every insurer shall prepare a statement of the amount of liabilities in accordance with Schedule II in respect of life insurance business.

**5. Determination of Solvency Margin:** Every insurer shall prepare a statement of solvency margin in accordance with Schedule III, in respect of life insurance business.

**6. Health Insurance Business:** Where the insurer transacts health insurance business providing health covers, the amount of liabilities shall be determined in accordance with the principles specified under these Regulations.

